## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 255.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 5 जुलाई तक 255.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 12.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 281.2 मिली मीटर, पुसौर में 318.9, खरसिया में 214.1, घरघोड़ा में 251.7, तमनार में 185.4, लैलूंगा में 238.9, मुकडेगा में 287.3, धरमजयगढ़ में 206.3, छाल में 285.2 एवं कापू में 282 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आई.टी.आई. खरसिया में व्यवसाय प्रशिक्षण के लिए मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया, जिला-रायगढ़ में व्यवसाय-डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री आपरेटर हेतु बैच साईज 20, बैच संख्या 1 एवं इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन हेतु बैच साईज 20, बैच संख्या 1 संचालित होनी है। अत: जो प्रशिक्षणार्थी उक्त दो व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है। वे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया के प्रशिक्षण शाखा में आकर प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।

### प्लेसमेंट कैम्प 8 जुलाई को, 125 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 8 जुलाई 2024 को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रिक्त विभिन्न 125 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें मे.स्पंदना स्फूर्ति फायनेशियल लिमिटेड रायगढ़ द्वारा लोन ऑफिसर एवं रिकवरी ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह मे.ऑटो सेंटर महिन्द्रा शो रूम रायगढ़ द्वारा सेल्स कंस्लटेंट, टेक्नीशियन, एक्स-मार्ट, एक्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, सर्विस एडवाईजर, इंश्योरेंस एक्जीक्यूटिव, वारेंटी मैनेजर, पीडीआई इनचार्ज, टेलीकालर, फ्लोर सुपरवाईजर, ड्राईवर एवं सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर भर्ती होगी। मे.सिंघल इंटर प्राइसेस तरईमाल गेरवानी रायगढ़ में ट्रेनी एक्सीक्यूटिव, ट्रेनी क्वालिटी एवं ट्रेनी प्रोसेस तथा मे.शिवशक्ति एग्रीटेक लि.तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### कुंए में डूबकर चार की मौत

**कटघोरा-रायपुर (आरएनएस)।** दिनांक 05/07/2024 को लगभग 1 बजे कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम जुराली के डिपरा पारा से सूचना प्राप्त हुआ कि घर के कुएँ में डूबकर सबसे पहले जहरू पटेल पिता स्व सोनू राम पटेल उम्र 60 वर्ष में डूब गया तो उसकी बेटी सपीना पटेल पिता जहरु पटेल उम्र 16 वर्ष भी डूब गये। उसके बाद दो अन्य बचाने के लिए नीचे उतरे जिनका नाम मनबोध पटेल उम्र 57 वर्ष और शिवचरण पटेल उफर् कली उम्र 45 वर्ष सभी निवासी जुराली की मृत्यु हुई है। एसडीआरएफ़ टीम निकालने का काम कर रही है। प्रशासन के आला अधिकारी मौके में उपस्तिथ है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक का चक्का पार

**रायपुर (आरएनएस)।** गुरुघासीदास प्लाजा के पास खड़ी बाइक से अज्ञात चोर ने चक्का पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पिंटू रजक 25 वर्ष गुरूघासीदास प्लाजा के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी होण्डा बाइक को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक का चक्का पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 2 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# ऑनलाइन फ्रॉड में मिली चक्रधरनगर पुलिस को सफलता : स्टॉक मार्केट में मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

- गिरोह में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने अलवर, राजस्थान से किया गिरफ्तार
- साइबर ठग व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर मार्केट में मुनाफे की जानकारी देते और फेक फर्म में कराते थे निवेश
- चक्रधर नगर पुलिस ने किया जलसाजों के बैंक अकाउंट सीज

रायगढ़



वर्तमान में साइबर ठगों द्वारा शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर व्हाटसअप ग्रुप/टेलीग्राम में जोड़ कर स्वयं बनाये फेक कंपनियों के लिंक शेयर कर निवेश में बड़ा मुनाफा दिखाकर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसी ही ठगी की एक शिकायत थाना चक्रधरनगर क्षेत्र की महिला द्वारा एसपी दिव्यांग कुमार पटेल से की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी दिव्यांग पटेल द्वारा साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को जांच में लगाया गया, मामले की विस्तृत जांच कर रायगढ़ पुलिस की टीम द्वारा शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के एक सदस्य को अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लाया गया है।

दिनांक 15/06/2024 को बेदादुला चक्रधरनगर में रहने वाली महिला द्वारा ऑनलाइन ठगी की लिखित में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला बताई कि मार्च 2024 में Apolo Business School के वेबसाईट को गलती से ओपन की जिससे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसे व्हाटअप ग्रुप (B-5 Hang on to your dreams) में जोड़ दिया गया जिसमें शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ अर्जित करने का मोटीवेशनल पोस्ट दिखाया गया, जिससे प्रभावित होकर महिला ने दिनांक 08.04.2024 से 18.05.2024 के मध्य Apolo Business School के शेयर में 87,41,000/ रूपये निवेश की। महिला को उस कंपनी के शेयर के भाव बढने पर अपने शेयर को बेचने का प्रयास किया गया जिसस पता चला कि जो अज्ञात व्यक्ति इससे निवेश के लिये चैट करते थे उन्होंने किसी फर्जी कंपनी में पैसा निवेश कराया गया है। पीड़ित महिला जब Apolo Business School के आधिकारिक वेबसाईट से सम्पर्क की तो फर्म के द्वारा बताया गया कि फर्म का कोई भी व्हाट्सएप ग्रुप नहीं है। महिला के आवेदन पर दो मोबाइल धारकों के विरूद्ध अप.क्र. 295/2024 धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध विवेचना टीम द्वारा पीड़िता से पूछताछ कर उनके बैंक खाता के डिटेल, संदिग्ध मोबाइल का डिटेल एवं ठगों द्वारा रूपये आहरण व्यय के संबंध में जानकारी जुटाई गई जिसमें 24 अप्रैल 2024 को आरोपियों द्वारा पंजाब नेशनल बैंक, मनु मार्ग शाखा अलवर, राजस्थान के एक खाता में रु.3,20000 ट्रांसफर करने और इसी खाते से कई लोगों को रुपए ट्रांसफर करने जानकारी मिली बैंक खाते के डिटेल पर खाताधारक जसराज मीणा अलवर राजस्थान का होना पाया गया। तत्काल पुलिस अधीक्षक द्वारा टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम राजस्थान रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा पंजाब नेशनल बैंक मनु मार्ग शाखा अलवर जाकर डिटेल निकाला गया जिसमें 24 अप्रैल को खाताधारक स्वयं चेक के माध्यम से रु.50 लाख विड्रोल करने की जानकारी मिली। बैंक का सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर खाताधारक के साथ रूपये निकालने दो अन्य व्यक्ति भी आए थे जिनके विषय में स्थानीय पुलिस की सहायता से पतासाजी करने पर एक व्यक्ति दीनबंधु गुप्ता की जानकारी मिली। तत्काल रायगढ़ पुलिस टीम द्वारा संदेही दीनबंधु गुप्ता की पतासाजी कर संदेही को हिरासत में लिया जिसे मोबाइल पर सुरक्षित रखे PNB बैंक के सीसीटीवी फुटेज दिखाकर पूछताछ किया गया। संदेही दीनबंधु गुप्ता ने जसराज मीणा और विवेक यादव के साथ अपराध करना स्वीकार कर तीनों बैंक आकर रूपये निकालना बताया। आरोपी दीनबंधु गुप्ता ने बताया कि जसराज मीणा द्वारा 50 लाख रुपए खाते से निकाले और इसे भी रुपये दिये थे जिसे खर्च कर दिया है। दोनों आरोपी जसराज मीणा और विवेक यादव के निवास स्थान पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दिया गया, दोनों काफी दिनों से गांव से फरार है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपियों के बैंक खातों को होल्ड कराया गया है। आरोपी दीनबंधु गुप्ता पिता स्वर्गीय कल्याण सहाय गुप्ता उम्र 39 साल निवासी रूपवास थाना अरावली विहार जिला अलवर (राजस्थान) को आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर फ्रॉड गिरोह का पटाक्षेप करने और दिगर प्रांत से आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, आरक्षक कोमल तिवारी और विक्रम सिंह (साइबर सेल) शामिल थे।

# 39 वें चक्रधर समारोह का आयोजन 7 सितम्बर को

- समारोह में प्रस्तुति देने वाले कलाकार 16 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

**रायगढ़।** 39 वें चक्रधर समारोह-2024 का आयोजन 7 सितम्बर से शुरू होगा। इस समारोह में सम्मिलित होने हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर/राज्य स्तर एवं स्थानीय कलाकारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। आवेदन 16 जुलाई 2024 तक स्वीकार किए जायेंगे। उक्त समारोह में प्रस्तुति देने हेतु अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए ई-मेल chakrasamaroh@gmail.com एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय चक्रधर नगर रायगढ़ पिन.496001 में प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

### अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय नोडल अधिकारी नियुक्त

कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए टेन्ट-पंडाल, लाईट एवं साउण्ड सिस्टम तथा फ्लैक्स, बैनर पोस्टर/निमंत्रण के संबंध में समिति गठित की है। जिसमें अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, कार्यपालन अभियंता लोनिवि (भ/स)श्री अमित कश्यप, कार्यपालन अभियंता छ.रा.वि.वि.क.मर्या रायगढ़ रामकुमार राव, अनु.अधि.लो.नि.वि. (वि./यां.) मुकेश शर्मा को सदस्य बनाए गए है।

### सफल संचालन एवं आवश्यक तैयारी व्यवस्था हेतु समिति गठित

कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल संचालन एवं आवश्यक तैयारी/व्यवस्था हेतु समिति का गठन किया है। गठित समिति में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह गठित समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# नाबालिक बालिका को भगा ले जाने के अपराध में युवक-युवती गिरफ्तार

- कोतरारोड़ पुलिस ने दोनों आरोपियों को पोक्सो एक्ट में भेजा जेल

रायगढ़



दिनांक 12.06.2024 को थाना कोतरारोड़ में स्थानीय महिला द्वारा 11 मई को उसकी नाबालिग लड़की को ग्राम गोढी बरभांठा, तमनार की युवती अंजना पटनायक द्वारा बहला फुसलाकर एक युवक के साथ मोटर सायकल में ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी। थाना कोतरारोड़ में संदेही कुमारी अंजना पटनायक पर अपराध क्रमांक 225/2024 धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गुम बालिका की पतासाजी दौरान कोतरारोड़ पुलिस द्वारा संदेही अंजना पटनायक के घर दबिश दिया गया। अंजना के परिजन बताये कि 11 मई को अंजना अपने साथ एक लड़की लेकर आयी थी जिसे बच्ची को क्यों लाई है कहकर डांट फटकार किये तो युवक पवन साहू निवासी बड़े देवगांव खरसिया के साथ लड़की को लेकर कहीं चली गई। मामले को गंभीरता से लेकर अंजना पटनायक और पवन साहू की पतासाजी किया गया। 16 मई को बालिका स्वयं घर आ गई, बालिका की मां द्वारा थाना कोतरारोड़ को सूचना दिये जाने पर बालिका को दस्तयाब किया गया। बालिका से पूछताछ पर शारीरिक शोषण, मारपीट की से इनकार की, बालिका का न्यायालयीन कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई की अंजना उसे चाट खिलाने के बहाने मार्केट लेकर गई और वहां से एक युवक (पवन साहू) के साथ मोटरसाइकिल में तमनार लेकर गई थी और तमनार से वापस रायगढ़ के धनुहारडेरा लेकर गए और किराए मकान में 5 दिन तक रखे थे और 16 मई को ढिमरापुर में लाकर छोड़ दिये तब घर आ गई। दोनों फरार आरोपियों को कल कोतरारोड़ पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। आरोपिया अंजना पटनायक ने बालिका को पालन पोषण के लिए अपने साथ लेकर जाना बताई। प्रकरण में धारा 12, 18 पॉक्सो एक्ट विस्तारित किया गया। आरोपियों द्वारा बालिका को उसके परिजनों के वैध संरक्षण से बहला फुसला कर भाग ले जाने के कृत्य पर आरोपित (1) कुमारी अंजना पटनायक पिता अजय पटनायक उम्र 19 साल निवासी गोढी बरभांठा थाना तमनार (2) पवन साहू पिता कीर्तन साहू उम्र 29 साल निवासी बड़े देवगांव थाना खरसिया हाल मुकाम धनुहार डेरा थाना चक्रधरनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर दोनों को जेल दाखिल किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. चौहान एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है ।

# मिशन उत्कर्ष, कार्यक्रम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें -सीईओ जिला पंचायत यादव

- स्कूलों का करें सतत् निरीक्षण, अनुपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों पर करें कड़ी कार्यवाही
- सीईओ जिला पंचायत यादव ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की ली बैठक

रायगढ़



सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, विकासखण्ड स्रोत केंद्र समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ने सभी स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति रिपोर्ट प्रतिदिन दोपहर 1 बजे तक जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। सीईओ यादव ने सभी स्कूलों से कक्षा 09 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की साप्ताहिक परीक्षा लेने तथा परिणाम के रिकार्ड हर स्कूल को संधारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला, ब्लाक एवं संकुल स्तर के अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्कूलों में सतत निरीक्षण करने निर्देश दिए। शाला में नियत समय पर उपस्थित न होने वाले, शाला समय से पूर्व स्कूल त्यागने वाले या निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों एवं शाला के कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो रायगढ़ जिले के सभी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता एवं निरीक्षण में कसावट लाने के उद्देश्य से उत्कर्ष-रायगढ़ लागू की गई है। प्राथमिक शाला से हायर सेकेंडरी स्कूल मैं अध्यापन करने वाले शिक्षकों को प्रतिदिन प्रात: 10.15 बजे तक अपने संकुल के माध्यम से स्कूल में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की संख्या एवं अनुपस्थित शिक्षकों की सूची अपने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संकलित जानकारी जिला कार्यालय को अपरान्ह 1 बजे तक उपलब्ध करायेंगे। अनुपस्थित कर्मचारियों को उसी दिन स्पष्टीकरण पत्र संबंधित नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा।

होगा शालाओं का नियमित निरीक्षण

स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी निर्देश के अनुरूप जिले के सभी स्कूलों में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों का नियमित निरीक्षण जिला स्तर के अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सहायक संचालक एपीसी को प्रतिमाह 10 स्कूलों का, विकासखण्ड स्तर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक को 20 प्राथमिक, 15 माध्यमिक और सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल एवं संकुल स्तर के संकुल प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा अपने अधीनस्थ सभी शालाओं का दो बार नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। इसके लिए हर माह उन्हें स्कूल निरीक्षण कर प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। सभी निरीक्षण कर्ता अधिकारी पूर्व में ही प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम भी अपने उच्च अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

स्कूलों में होगा साप्ताहिक टेस्ट

सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा 09 से 12 तक के छात्रों के लिए प्रति सप्ताह साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विषयों के प्रश्न शामिल किए जाएंगे। प्रश्नों को जिला स्तर से उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही स्कूल में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले तीन कॉपी और सबसे कम अंक पाने वाले तीन कापियों को प्रति सप्ताह विकासखंड शिक्षा कार्यालय में हर हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी को प्रस्तुत करना होगा। साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट की रिकॉर्ड हर स्कूल को संधारित कर रखना होगा। प्राप्त परिणामों एवं शिक्षकों की उपस्थिति के आधार पर विकासखंड की रैंकिंग की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ शासन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को है आत्मनिर्भर बनाना

- महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा कई योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन

रायपुर । आरएनएस

महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का प्रमुख उद्देश्य ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है और इसके लिए विभाग द्वारा अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा रेडी टू ईट सप्लाई का काम महिलाओं को वापस सौंपा जा रहा है ताकि उन्हें रोजगार और आर्थिक स्थिरता मिल सके।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि रेडी टू ईट की सप्लाई में किसी भी प्रकार की कोई रुकावट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और सप्लाई चौन सुचारू रूप से चल रही हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा महिलाओं का हक छीन कर उनका यह काम एनजीओ को दिया गया था, लेकिन हमारी सरकार के आने के बाद फिर से महिलाओं को इस काम में लगाया जा रहा है। हम महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राजवाड़े ने यह भी स्पष्ट किया कि बीज निगम के 162 करोड़ रुपये के पेमेण्ट को लेकर कोई भी अवरोध नहीं है और इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझा लिया जाएगा।

# हेमसुन्दर गुप्त शास.उच्च.हिन्दी माध्यम विद्यालय महापल्ली में आयोजित हुआ न्योता भोज एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

- शिक्षा के बने योद्धा, उसी से तय होगा आपका भविष्य- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- कलेक्टर गोयल ने बच्चों को पढ़ाई पर फोकस कर, सोशल मीडिया एवं टीवी से दूरी बनाने की दी सलाह
- स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को कलेक्टर गोयल ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

रायगढ़





हेमसुन्दर गुप्त शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, महापल्ली रायगढ़ में न्योता भोज एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर गोयल ने स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर गोयल ने स्कूल परिसर में पौध रोपण भी किए। स्कूल में आयोजित न्योता भोज में लगभग 600 स्कूली बच्चों के साथ जनसामान्य शामिल हुए। बच्चों के लिए कार्यक्रम का यह आयोजन शेषचरण गुप्त द्वारा अपने 25 वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर किया गया। कलेक्टर गोयल ने पत्रकार शेषचरण गुप्त एवं धर्मपत्नी पंकजिनी गुप्त को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी।

कलेक्टर गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब हमारे देश के आर्थिक सेना है। अपनी सोच को हमेशा बड़ी रखे और पढ़ाई के क्षेत्र में योद्धा बने। आज तुम जो मेहनत करोगे उसी के आधार पर आपका भविष्य तय होगा। कलेक्टर गोयल ने कहा कि आपके पास सबसे कीमती और कम समय है जो केवल 25 साल तक है, इसी उम्र में आपको अपने भविष्य का निर्माण करना है। यह उम्र एक बार हाथ से निकल जायेगा तो फिर दोबारा नहीं मिलेगा। इसलिए समय को न गवाते हुए और निरंतर मेहनत कर आगे बढ़े। कलेक्टर गोयल ने बच्चों को कहा कि सोशल मीडिया एवं टीवी पर समय व्यर्थ न करते हुए पढ़ाई पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि रेडियो सूनने के साथ ही न्यूज पेपर एवं करेंट अफेयर्स को नियमित रूप से पढ़े, जिससे आपका ज्ञानवर्धन होगा। आपके पास एक अच्छा स्कूल है, जहां पूरा संसाधन है एवं माता-पिता का सपोर्ट है तो उसका फायदा उठाये और पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने माता-पिता का सहयोग करते हुए देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करें।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि आपको हमेशा ये सोचना होगा आपके पास क्या है, जो चीज है उस पर सकारात्मक के साथ आगे बढ़े। अपना लक्ष्य बड़ा बनाए, कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है, बस आपको कड़ी मेहनत और लगन से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आपको भारतीय होने का गर्व होना चाहिए साथ ही आपको अपने माता-पिता का ऋण चुकाना है। जिसके लिए आपके पास सबसे बड़ी ताकत है शिक्षा, जिसकी बदौलत आप भारतीय होने का फर्ज निभाने के साथ ही माता-पिता की जिम्मेदारी भी उठा पायेंगे। शिक्षा सबसे सशक्त हथियार है, जिससे दुनिया को बदला जा सकता है। जरूरी नहीं है कि आप पढ़ाई करके सिर्फ सरकारी नौकरी ही करेंगे। आप एक अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, सीए, उद्योगपति भी बन सकते है और इस तरह आप देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या जे.सुजाता राव ने किया। मौके पर महापल्ली सरपंच आनंद राम चौहान, रत्थू गुप्ता, दशरथ गुप्त, टेकचंद गुप्त, डॉ.आशुतोष गुप्ता, टंकधर प्रधान, सुकलाल चौहान, भारती गुप्ता, नवीन शर्मा, पुनीराम रजक, भूपेन्द्र सिंह चौहान, संजय साहिनी, संदीप सिंह, भीमसेन तिवारी, सुनील नामदेव, राजेश जैन, रिवेश पोडवार, नीरज तिवारी, अश्वनी पटेल, शैलेन्द्र साहू सहित जनसामान्य, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं उनके पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन टीकाराम प्रधान ने किया एवं मंच संचालन विनिता श्रीवास्तव ने किया।

**कलेक्टर ने स्कूल परिसर का किया निरीक्षण-** कलेक्टर गोयल ने हेमसुन्दर गुप्त शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, महापल्ली परिसर में स्थित विभिन्न संकायों के लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लैब के उपकरणों के संबंध में जानकारी लेते हुए छात्रों की संख्या अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली। संबंधित शिक्षकों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में सभी विषयों के लैब उपकरण उपलब्ध है। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। वहां उपलब्ध पर्याप्त पुस्तकों की जानकारी ली एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को आसानी से संबंधित बुक प्राप्त हो सके। इस दौरान उन्होंने हिंदी के साथ इंग्लिश न्यूज पेपर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर के पुराने स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इसे धरोहर के रूप में संजोने हेतु जिला प्रशासन द्वारा यथा संभव सहायता करने की बात कही।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480